# उ0प्र0 लोक सेवा आयोग

विज्ञापन सं0
ए-5/ई-1/2023

## अपर निजी सचिव परीक्षा-2023

## संक्षिप्त विज्ञापन

1. इस परीक्षा का विस्तृत विज्ञापन दिनांक 19.09.2023 से आयोग की वेबसाइट **https://uppsc.up.nic.in** पर उपलब्ध रहेगा जिसमें ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया, शुल्क जमा करने की प्रक्रिया, जाति प्रमाण पत्रों का प्रोफार्मा, परीक्षा-योजना एवं पाठ्यक्रम, परीक्षा केन्द्रों के जिलों के नाम, आरक्षण एवं आयु में छूट के सम्बन्ध में निर्धारित महत्वपूर्ण निर्देश आदि उपलब्ध रहेंगे।
2. अभ्यर्थी विस्तृत विज्ञापन देखने के पश्चात् एवं अर्ह होने की स्थिति में ही आवेदन करें।

1. **रिक्तियों का विवरण-** वर्तमान में प्रश्नगत परीक्षा हेतु रिक्तियों की कुल संख्या-328 है, जो कि परिस्थितियों एवं आवश्यकतानुसार घट-बढ़ सकती हैं।
2. **शैक्षिक अर्हता-** जैसा कि विस्तृत विज्ञापन के बिन्दु-9 "शैक्षिक अर्हता" में दिया गया है।
3. **आयु सीमा-** चयन हेतु अभ्यर्थियों को 01 जुलाई 2023 को 21 वर्ष की आयु अवश्य पूरी करनी चाहिए और उन्हें 40 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए अर्थात् उनका जन्म 02 जुलाई, 1983 से पूर्व तथा 01 जुलाई, 2002 के बाद का नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार दिव्यांगजन हेतु अधिकतम आयु 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात् उनका जन्म 02 जुलाई, 1968 के पूर्व का नहीं होना चाहिए। उ0प्र0 के विभिन्न श्रेणियों के अभ्यर्थियों, जिनका विवरण विस्तृत विज्ञापन के बिन्दु-6 व बिन्दु-10 में दिया गया है, के लिए नियमानुसार आरक्षण/अधिकतम आयु सीमा में शिथिलन अनुमन्य होगा।
4. ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि-**19.09.2023**
5. ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अन्तिम तिथि-**19.10.2023**
6. ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि-**19.10.2023**

दिनांकः प्रयागराज 15 सितम्बर, 2023

सचिव